श्री राम किशन : मैं आप से इसलिए प्रोटेक्शन चाहता हूं कि आप इस मामले में हमारे भागीदार रहे हैं । मुझे बड़ी हंसी आती है जब इस सदन के सदस्य हम पर यह आरोप लगाते हैं कि हम हिन्दी थोपना चाहते हैं । मैं साफ किये देता हूं, हिन्दी भाषी लोगों की इच्छा दक्षिण पर हिन्दी थोपने की नहीं है । हमारी इच्छा तो केवल अंग्रेजी हटाने की है । जब आप तामिल में बोलते हैं, मराठी या कन्नड़ में बोलते हैं तो हमें आनन्द आता है लेकिन जब आप अंग्रेजी में बोलते हैं तो हमें ऐसा लगता है कि कोई सामन्त बोल रहा है । इसलिए हम चाहते हैं कि हमारे देश की सभी भाषाएं पनपें, फलें, फूलें, बंगाली फले, मराठी फले, इसके लिए हमें थोड़ा खर्च भी करना पड़े अनुवाद के लिए तो उस में हमें कोई कठिनाई नहीं होगी लेकिन भाषा का सवाल उठा कर दक्षिण में आप वोट तो प्राप्त कर सकते हैं किन्तु देश की संस्कृति, देश की भाषा सभ्यता को आप मजबूत नहीं कर रहे हैं । इसलिए इस सवाल को खत्म किया जाये । अंग्रेजी खत्म हो जानी चाहिए । लोकभाषाएं पनपनी चाहिएं, हिन्दी भाषी लोगों की यही आकांक्षा है । इन शब्दों के साथ मैं आप से आशा करता हूं कि मेरे कुछ उन सुझावों पर आप विचार करेंगे जो देश के गरीबों के पक्ष में मैंने दिए हैं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Before we take up Private Mates Business I want to tell you that the Prime Minister will reply to the debate on Monday.

SHRI KANWAR LAL GUTPA: May I make a request to you....

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let Shri Chandradeo Prasad Verma lay his report first.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: This is Private Member's Business.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please take your seat. You will listen to him. This is Private Member's Business. Shri Verma.



---

15.33 hrs.

## COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

### TWELFTH REPORT

श्री चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा (आरा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

> "कि यह सभा गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति के बारहवें प्रतिवेदन से, जो 1 मार्च, 1978 को सभा में प्रस्तुत किया गया था, सहमत है ।"

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That this House do agree with the Twelfth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 1st March, 1978."

*The motion was adopted.*

---

15.34 hrs.

## RESOLUTION *RE*: STEPS TO IMPROVE THE ECONOMY AND TO REDUCE INEQUALITIES OF INCOME, ETC.—*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now we begin. The Finance Minister will intervene.

SHRI KANWAR LAL GUPTA (Delhi Sadar): I want to make a submission. On the last day only one hour was utilised. Another hour is left as far as this Resolution is concerned. Perhaps Mr. Patel was replying. May I make a submission that other Members may be allowed to speak? And then he can reply.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has already begun to reply.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: After him Members should be allowed to speak.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur): Sir, my resolution has come No 3. Although in the ballot I came first yet because of the two unfinished resolutions....

MR. DEPUTY-SPEAKER: First, let us dispose of Shri Kanwar Lal Gupta's business. The question of your submission will arise only after Shri Kanwar Lal Gupta's resolution is disposed of. You cannot get up in advance and raise it. I now call Mr. Patel.

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI H. M. PATEL): Sir, some time ago this Resolution was discussed and the hon'ble Members may not perhaps remember as to what Shri Kanwar Lal Gupta's resolution was. The Resolution was:

> "This House urges upon the Government to take effective steps to improve the economy of the country and to reduce the inequalities of income, wealth and personal consumption."

15.37 hrs.

[DR. SUSHILA NAYAR *in the Chair*]

This was the Resolution on which Shri Kanwar Lal Gupta spoke on that day and several other speakers also expressed themselves. The main thrust of the points made by the hon'ble Members on that day in the course of discussion was that very little has been done to improve the conditions of the poorest sections of the people and bring down the disparities in the last thirty years and that the rural sector has been discriminated against. Various suggestions were put forward to redress this inequity. Some of the notable points and suggestions made in the course of the discussions are:—

1. Action should be taken to improve the lot of the poorest classes of the people *viz.* those whose income does not exceed 25 paise per day. These people constitute 20 crores out of 62 crores of the population of the country.

2. Supply of essential commodities should be arranged for the people blow the poverty line who, unlike the organised sections of the community, are hardly in a position to make any noise about their suffering.

3. Arrangement should be made to build roads and supply drinking water to remote areas.

4. A special tax or surcharge should be levied on people with income exceeding a certain limit.

5. Ostentatious and luxury consumption needs to be curbed.

6. The bias in favour of big industries which marked our planning in the past should be corrected and adequate attention should be paid to the needs of farmers in the rural sectors.

I think there can be no difference of opinion in regard to all these points They are highly desirable and, I think, I am entirely in agreement with the sentiments underlying these points. But the problem is something which is very big and that is the problem which we are called upon to tackle. By the same token it should be realised that something we have not been able to tackle satisfactorily in the last thirty years we cannot put right in the course of one year.

SHRI DINEN BHATTACHARYA: (Serampore): But you can make a start.

SHRI H. M. PATEL: I have made a start but my whole emphasis is to urge upon you to be patient—not unduly patient but reasonably patient.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: What is the period of 'reasonableness'?

SHRI H. M. PATEL: I think if you and I discuss it we can come to a decision. I have no doubt about it. But again I would say that it is not really a sort of problem where you can fix the time-limit. But the main point is that we should really move in a direction which would enable us to resolve these problems. It is evident that this problem was not put forward properly in the past and in the strategy of our planning. Therefore it called for a fresh approach and this is what we are now doing. The need for reviewing the entire strategy of development and redefining the plan priority in order that the problem of poverty can be tackled more effectively has been recognised by the present Govrnment. And we have definitely made a shift in our priorities from industry to agriculture. This, I think, we consider, is the first major requirement of the situation. If we want more employment, if we want to ensure that poverty is diminished, then we must first see to it that the rural areas are developed as quickly as possible, rural prosperity emerges as a result of our policies. Then only we can make a serious and significant dent on the problem of unemployment and of poverty. This is what we are trying to do. The Five Year Plan for 1978—1983 is being tackled more effectively and is being formulated by the Planning Commission primarily with these objectives in view namely (i) removal of unemployment and underemployment within a decade or so, (ii) provision of basic services (drinking water, primary education and health care) to the 40 per cent of the population in the lowest income groups and (iii) significant reduction in the disparities of income and wealth. These are the three objectives of the new Plan that is being under preparation. The details of this strategy on development will be available soon when the new plan is presented.

The budget proposals for 1978-79 which I presented earlier in the week are intended to give shape to some of the broad dicisions which will form part of the new strategy. An outline of the measures proposed to be taken to implement these decisions was given in my Budget Speech. It will be noticed that while the aim is to secure all round improvement of the economy, the main focus is on (a) development of agriculture and (b) creation of employment especially in the rural areas which precisely are the objectives the hon. Members had presumably in mind while moving the resolution and the amendments under discussion. I think generally we must recognise that the root cause of poverty in the country lies in unemployment. Accordingly, one of the basic objectives in framing the Budget estimates has been to provide funds for expenditures which will serve to create employment on a large scale and improve the economy of the rural areas where unemployment and under-employment are acute and endemic. The larger outlay on the Annual Plan proposed in the budget for 1978-79—Rs. 11.649 crores as compared to Rs. 9960 crores in 1977-78—should itself provide a stimulus for the economy and serve to create employment. No doubt, a good part of this outlay will need to be devoted to continuing schemes. But what is worthwhile noting is that 80 per cent of the amounts proposed to be spent on new schemes is accounted for by agriculture and schemes meant for the development of rural areas. This is excluding the allocation for power where we have made a very large allocation because we realise that adequacy of power is the first essential thing not only for industry but also for agriculture and, therefore, we have made perhaps the largest allocation on that.

Similarly the allocations for irrigation have been substantial. We hope to bring 17 million hectares under irrigation in the next five years, of which at least three million will be brought under irrigation in the year 1978-79. Through these various means we have been taking action along lines which must enable us to increase employment

[SHRI H. M.PATEL]

in the one area in which there is major unemployment. Before I move to small scale industries, I should like to refer to the new idea of block development plans which we wish to develop. The details are now being worked out, we have made an allocation of Rs. 20 crores and we hope to make block development plans one of the major instruments of accelerating the development of rural areas.

Another commendable project designed to accelerate rural development to which I should like to draw attention is the massive programme for dairy development, namely, Operation Flood II. The project is estimated to cost about Rs. 500 crores and is expected to provide employment for about 4 million people in the first phase. This programme if successfully carried out will not only help generate employment on a large scale but also improve the nutritional standards of people and raise their income levels... (*Interruptions*)

AN HON. MEMBER: How many persons have found employment during the last eleven months?

SHRI H. M. PATEL: This operation is to start in the year 1978-79; Operation Flood I is about to come to an end and in the course of that operation a number of dairies have been established; those dairies have enabled the spread of a considerable amount of employment. I have not got exact figures but they run into lakhs. In regard to one state alone, I can give you information and over a couple of lakhs of people have been employed.... (*Interruptions*) I suggest to my hon. friend that there is no need to express such a degree of cynicism and we ought to work, all of us. I should like to say in this kind of venture or project we do hope they work and if they do not we shall modify them. This is where hon. Members must come forward with their ideas. I am coming forward wih my ideas.

In order to help people engaged in fisheries—and they constitute a fairly large number as we have an extensive coastline—the outlay on fisheries is being raised from Rs. 33 crores to Rs. 61 crores in 1978-79. I have already mentioned that we have made allocations for on-going schemes such as small farmer development agency for which the allocation has been raised from 45 crores to Rs. 115 crores this year, drought prone area programme outlay is being increased from Rs. 51 crores to about 76 crores this year.

I think that one of the main factors underlying the stagnation of the rural economy is the lack of basic infrastructure. As part of a comprehensive programme of rural infrastructure development, the outlay on rural roads in the States' plans for 1978-79 has been stepped up to Rs. 115 crores as compared to Rs. 85 crores in the current year. The provision for rural water supply in the States' plans for 1978-79 has also been increased to Rs. 105 crores from Rs. 76 crores. In addition this will be supplemented by a special provision in the Central Plan to the extent of Rs. 60 crores.

So, you will see that both in regard to approach roads and in regard to drinking water, substantial sums have been allocated in this year's budget. In order to improve the opportunities for gainful employment in rural areas through development of rural and small scale industries, an outlay of Rs. 219 crores has been provided for this purpose in 78-79 as against Rs. 45 crores in 77-78. The suggestions for ensuring the supply of essential commodities is another point that worried the people and they said that we should try and see that essential commodities are available in adequate quantities. I feel fairly confident that there should be no difficulty in ensuring this as a result of the various projects and schemes that we have undertaken. A scheme for the increased production and distribution of essential commodities has been drawn up and put to

all State Governments and it is to be hoped that the State Governments would welcome this and implement it. The need to widen the scope of the present system of distribution has been emphasised and the scheme is intended to strengthen the public distribution system in order to secure effective distribution of essential commodities and bring within its coverage a few more commodities. The scheme envisages initial coverage of cereals, sugar, kerosene, cloth, vegetable oils and vanaspati and selected manufactured items of mass consumption. The intention is to expand the commodity coverage of the distribution system to include critical wage-goods and also take effective action for extensive expansion of the net work of fair price shops to cover far-flung areas throughout the country.

I think these measures should be regarded as ample testimony to our earnestness in this direction I may mention that so far as the suggestion about the taxation of the rich is concerned, our tax system cannot be said to be lacking in progressivity. The taxes on not only income and wealth but also on commodities are so designed as to cast a larger burden on the rich than on the poor. While the taxes on income and wealth act almost like a ceiling on the growth of incomes and wealth beyond a certain level, the taxes on commodities of luxury consumption are generally levied at a relatively high rate. A study carried out at the instance of the Jha Committee shows that the incidence of commodity taxes in India is progressive. Taxes on commodities as a proportion of expenditure goes up from 4.6 per cent in the case of the lowest expenditure bracket to about 26.8 per cent in the highest expenditure bracket. In the case of rural households, the proportion goes up from 2.9 per cent to 16.2 per cent. The levy of the five per cent surcharge on basic excise duties should sharpen the progressivity of excise taxes further as it will mean a heavier tax on items which are already taxed at a high rate.

Finally I would like to refer to fact that we are studying the question of evolving a national wages and income policy and for that purpose a study group has been appointed, which will study this question and when its recommendations come, we shall of course discuss them with all the interests concerned and see that something in the nature of a national policy emerges in this director.

I hope that what I have said should satisfy the hon. Members that Government is most earnest in this respect and will spare no efforts to improve the functioning of the economy, reduce unemployment and bring down the disparities. Development of agriculture and rural areas has been receiving special attention. Government's anxiety to see that farmers receive a fair deal is reflected in the measures recently taken to help the sugar industry tide over its crisis. The package measures announced in this regard are intended to benefit the sugarcane growers.

The debate on the Budget proposals for 1978-79 which will commence next week or so will also provide ample opportunity for discussion of the economic policy of the Government. Hence, while appreciating the intention underlying the proposed resolution, I would request the mover of the resolution to be good enough not to press for its adoption.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: Madam, other Members would also like to speak on the subject.

MR. CHAIRMAN: I am sorry, this is not the custom. After the Minister has spoken, only the mover of the resolution will speak. I have given my ruling and you may please speak.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: My humble submission before you is that I am to speak now. Of course, the Minister has replied. Now, about one hour's time remains. So, other Members want to speak and then I can reply. Let the Members speak first, and then I will reply in the end.

MR. CHAIRMAN: Out of that one hour, half-an-hour is gone. Only half-an-hour remains now. So, you may please reply.

**श्री कंवर लाल गुप्त** (दिल्ली सदर) : सभापति महोदय, यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि हमारे मंत्री महोदय ने पहली बार 30 साल में जो प्रायरिटीज़ अभी तक शहरों में और इंडस्ट्री की तरफ थीं सारी प्लानिंग को उनको मोड़ कर के गांवों की तरफ लाये हैं और उसी प्रकार का बजट भी जो अनकन्वेंशनल बजट है, एक डायनेमिक बजट सदन के सामने पेश किया है उसके लिए मैं अपनी ओर से और देश की ओर से उनको बधाई देता हूं। अभी तक जो हुआ है 30 साल में और जिस तरह से देश ने प्रगति की है, मैंने उस दिन भी कहा था, उससे गरीब और गरीब हो गया और अमीर और अमीर हो गया। यह बात नहीं है कि पैसा नहीं खर्च किया गया, यह बात नहीं है कि डेवलपमेंट नहीं हुआ। दोनों बातें हुई हैं। लेकिन वह किधर और कहां हुआ है? मैं आपको बताना चाहता हूं कि 1960 में स्कूटर का उत्पादन 12,900 था जो 1974 में बढ़ कर 85,639 हो गया। यानी 14 साल में 8 गुना उत्पादन बढ़ गया। इसी तरह से the total production of refrigerators in 1960 was 11,400 and the number increased in 1973 to 1,10,000. Similar is the case with air-conditioners. The production was 10,700 in 1960 and it went up to 30,574 in 1973. तो जो लग्ज़री आइटम्स हैं अभी तक प्रायरेटीज़ पहली सरकार की उनकी तरफ़ रही है। जनता के काम की चीज़ों की तरफ़ नहीं रही है। अब करीब 9,000 करोड़ रु० पब्लिक मनी का ऐग्रीकल्चर और इर्रीगेशन में चौथी योजना तक खर्च हुआ और इसी तरह से 5,300 करोड़ रु० पावर पर खर्च हुआ चौथी योजना तक। लेकिन अगर पर कैपिटा कंजम्पशन फूड की आप लगाएं जो लेबर को मिलता है इतना खर्च करने के बाद वह पहले से कम हो गया है।

**16.00 hrs.**

मेरे पास इस चीज़ के आंकड़े हैं, जो मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं, कि टैक्सेज़ पहले से ज्यादा बढ़ गये। जो पर-कैपिटा टैक्स आन कमोडीटीज़ है वह 1950-51 में 10.9 था और उसके मुकाबले में 1973-74 में यह बढ़ कर 99.0 रुपये हो गया। फूडग्रेन्स जो 1950-51 में 384.9 ग्राम्स पर डे था वह 1973-74 में 448.4 हो गया यानी थोड़ा नामिनल बढ़ गया। एडिबल आयल जो 1950-51 में 2.7 किलोग्राम पर एनम था, वह 1973-74 में 3.0 हो गया और 1972-73 में 2.0 किलोग्राम पर एनम हो गया।

तो एडिबल आयल कम हो गया, वनास्पति की कंजम्प्शन कम हो गई, शुगर, काटन-क्लाथ की कंजम्प्शन कम हो गई। काटन क्लाथ 1968-69 में 14.4 मीटर पर एनम था और 1973-74 में 12.1 मीटर पर एनम हो गया। इस तरह से इतना रुपया खर्च करने के बाद भी, प्लानिंग के बाद भी एवरेज खर्च एसैंशियल कमोडिटीज़ का आहिस्ते-आहिस्ते नीचे गिरता जा रहा है।

उसके बाद अगर नीचे के हिस्से की बात करें, जो गरीब है, गांव में रहता है, हरिजन है, ट्राइबल एरियाज़ में रहता है, पिछड़े वर्ग का है, जिनकी वायस नहीं है, जो आगनाइज्ड नहीं है, जो शोर नहीं मचा सकते हैं, डिमांस्ट्रेशन नहीं कर सकते हैं, अखबारों में बयान नहीं दे सकते हैं, तो उनकी हालत और भी ज्यादा खराब है।

यह पहला मौका है जब कि जनता सरकार ने शहर से पैसा हटा कर गांवों की तरफ लगाया है। मैं समझता हूं कि यह अच्छी शुरुआत है और यह ज्यादा इस पर डिपैंड करेगी कि इसका एक्जीक्यूशन कैसे होता है? आज देश के सामने दो ही रास्ते हैं। एक रास्ता तो इन्दिरा गांधी का रास्ता है कि डैवलपमैंट डिक्टेटरशिप के थ्रू होगी और दूसरा रास्ता यह है कि डैमोक्रैटिक मीन्स के जरिये से डैवलपमैंट हो सकती है जिससे देश की गरीबी और डिस्पैरिटी खतम हो सकती है।

मैं समझता हूं कि जनता पार्टी के सामने एक बहुत बड़ा टैस्ट है जिसमें यह साबित करना होगा कि इन 5 सालों के अन्दर डैमोक्रेटिक मैथड, प्रजातांत्रिक तरीके से हम देश की गरीबी को दूर कर सकते हैं। उसके लिए तानाशाही की जरूरत नहीं है। लोगों में आहिस्ते-आहिस्ते यह भावना आ रही है।

अभी कर्नाटक और आन्ध्र में जो चुनाव हुए वह इस बात को बताते है कि लोगों ने यह भी देखा है कि वह तानाशाही को टालरेट कर सकते हैं, अगर उनको खाना मिले। लेकिन यह बात निराशा की ओर जा रही है, इस चीज को हम डाउवर्ट करेंगे, यह बहुत बड़ी चीज नहीं है। जैसे जैसे जनता पार्टी आगे आयेगी, काम करेगी, मैं समझता हूं कि कर्नाटक, आन्ध्र और केरल के लोग भी देश के एक कोने से लेकर दूसरे कोने--काश्मीर से कन्याकुमारी तक, इस बात की जान लेंगे कि डैमोक्रैटिक तरीके से देश की गरीबी खत्म होगी तानाशाही से नहीं हो सकती है।

दूसरी एक चीज हमें यह भी देखनी होगी कि हमने पोलिटिकल इक्वैलिटी तो दे दी, हमने हरेक आदमी को एक वोट का अधिकार दिया हैं, बिड़ला को भी एक वोट का अधिकार है, और जो झुग्गी में रहता है, उसे भी एक वोट का अधिकार है। हमारे संविधान ने राजनैतिक समता तो दे दी है, लेकिन जब तक आर्थिक समता नहीं होगी, तब तक राजनैतिक समता नहीं रह सकती है। इस लिए हमें जल्दी से जल्दी डिसपैरिटीज को दूर करना पड़ेगा और संविधान के डायरेक्टिव प्रिंसिपल्ज पर ज्यादा जोर से अमल करना पड़ेगा।

हमने राइट टु वर्क देने का वायदा किया हुआ हैं। मैं मांग करता हूं कि प्रापर्टी का फंडामेंटल राइट खत्म होना चाहिए। श्री शांति भूषण यहां बैठे हुए हैं। वह जल्दी से जल्दी इस सदन के सामने एक विधेयक लायें, जिस के जरिये प्रापर्टी के फंडामेंटल राइट को खत्म कर दिया जाये, क्योंकि अगर लोगों की गरीबी को बांटना है, उत्पादन को बढ़ाना है, और ज्यादा से ज्यादा उत्पादन गरीब लोगों के पास पहुंचाना है, तो प्रापर्टी के फंडामेंटल राइट के रहते हुए वह नहीं हो सकता है।

आज हमारे देश में करीब बीस करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन की एक दिन की औसत आमदनी केवल चार आने है। चार आने में वे लोग अपनी रोटी का गुजर नहीं कर सकते, अपने शरीर को ढांप नहीं सकते और छत के नीचे नहीं रह सकते। लेकिन वे किसी न किसी तरह से आत्मा और शरीर को थामे हुए हैं। अगर उन की भूख, उन के पेट की आग इसी तरह से रही, तो वह आग बाहर निकल कर देश को भी जला देगी। इसलिए सरकार को जल्दी से जल्दी इस तरफ़ कदम उठाना चाहिए कि ग़रीब तबके को रोटी मिले।

मैं अभी अण्डमान निकोबार गया था। हमारे मित्र वहां पर हैं। मुझे बताया गया कि वहां छः सात ट्राइब्ज ऐसे हैं--उन की जनसंख्या दो हजार के करीब है--जिन्हें यह भी मालूम नहीं हैं कि हम इन्सान हैं। वे जड़ी बूटी खाते हैं, नगें रहते हैं, कच्चा

[श्री कंवर लाल गुप्त]

खून पीते हैं और आदमी को देख कर भाग जाते हैं। उन्होंने मोटर, यहां तक कि साइकल, भी नहीं देखी है। अगर तीस साल की आज़ादी के बाद भी हमारे देश में ऐसे लोग रहते हों, तो यह बड़ी लज्जा की बात है। जब मैंने वहां के चीफ़ कमिश्नर से पूछा कि वह इन लोगों के बारे में क्या कर रहे हैं, तो चीफ़ मिनिस्टर साहब ने कहा कि ये ट्राइब्ज आहिस्ता-आहिस्ता ख़त्म हो रहे हैं, आप चिन्ता न कीजिए। मैं कहना चाहता हूं कि जनता पार्टी के राज्य में हमारी ब्यूरोक्रसी के सोचने का यह तरीका नहीं चल सकता है—कांग्रेस के राज्य में यह चल सकता था। कांग्रेस के लोग समाजवाद की लोरी से गरीब आदमियों को सुला देते थे। वे ग़रीब आदमियों का खून चूस कर बिड़ला, डालमिया और टाटा की जेबें भरते थे। यह तरीका जनता पार्टी के राज्य में नहीं चल सकता है।

इस लिए अण्डमान निकोबार के उन दो हज़ार लोगों की समस्या को सब से पहले प्रायर्टी देनी होगी। उन्हें बताया जाये कि आप इन्सान हैं, आप को ठीक तरह से रहना है, आप के कुछ अधिकार हैं, कुछ आवश्यकतायें हैं। यह स्थिति मध्य प्रदेश और बिहार में भी है। मैं देखता हूं कि जनता पार्टी ने हरिजनों को नौकरियां देने के लिए एक साल में काफ़ी कुछ किया है, लेकिन मैं समझता हूं कि ट्राइबल एरियाज़ की तरफ़ उससे भी ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।

अगर उन एरियाज़ की स्टडी की जाये, तो यह भयानक तथ्य सामने आयेगा कि उन की हालत हरिजनों से भी ज्यादा ख़राब है।

मुझे खुशी है कि हमारे वित्त मंत्री ने बजट में ट्राइबल लोगों के लिए विशेष प्रावधान किया है। अगर देश में स्टैबिलिटी, डेमोक्रेसी और शान्ति को रखना है, तो ये डिसपैरिटी और यह भुखमरी खत्म होनी चाहिए। आहिस्ता आहिस्ता-डिस्पैरिटी को जितना भी हो सके, उतना कम किया जाये। जनता पार्टी ने तो कहा है कि अल्टीमेटली आय में एक और दस से ज्यादा फ़र्क नहीं होना चाहिए। इस वक्त एक और बीस का फ़र्क है। हमारी आख़िरी गोल इस फ़र्क को एक और दस तक लाने का है।

अभी जो मोनोपली हाउसेज़ हैं, दुख की बात है कि इधर कांग्रेस (आई) या दूसरी कांग्रेस के सदस्य उपस्थित नहीं हैं, मैं बताना चहता हूं, उन मोनोपली हाउसेज़ के एसेट्स 1951 में 594 करोड़ थे। वह बढ़ कर 1975-76 में 3717 करोड़ हो गए। आखिर, सरकार ने क्या कदम उठाया मोनोपली हाउसेज़ को ठीक कर के उन का पैसा नीचे तक जाये उस के लिए सरकार ने क्या कदम उठाया ? मैं यह नहीं कहता कि हरएक को खत्म कर दीजिए। मेरा यह भी कहना नहीं है मार्किसस्ट्स की तरह से कि सब को नेशनलाइज़ कर दीजिए। मैं मार्क्सिज्म में विश्वास नहीं करता। लेकिन अगर इस मार्किसज्म को रोकना है, लेबर अनरेस्ट को रोकना है, देश में शांति पैदा करनी है तो उस का एक ही रास्ता है कि यह डिस्पैरिटीज़ आहिस्ता-आहिस्ता खत्म होनी चाहिए। हम देख रहे हैं दिल्ली के पास, बम्बई के पास और दूसरे शहरों के पास हड़तालें हो रही हैं, वायलेंस हो रहे हैं, गोलियां चल रही हैं। इस में पोलिटिकल लोगों का भी हाथ है, हम उन को भी जानते हैं। शायद हमारे कंधे पर बैठ कर वह तीर चलाना चाहते हैं। लेकिन यह भी बात सही है कि जो लोग भूखे हैं, वे भी कराह रहे हैं। उन की आवश्यकताएं भी है। इसलिए सरकार को यह चाहिए कि इन की तरफ ज्यादा ध्यान वह दें। अभी तक हमारी जो पंचवर्षीय योजनाएं

बनो, मैं पिछले 25 साल की बात कहता हूं, क ीब 60 हजार करोड़ रुपया इन्वेस्ट हुआ 25 साल में प्राइवेट सेक्टर और पब्लिक सेक्टर में जिसका मतलब यह है कि अगर 60 करोड़ की आबादी है तो एक हजार रुपया एक आदमी के ऊपर इंडस्ट्री में खर्च किया पब्लिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर में। मिस्टर पाइ जो इंडस्ट्रीज़ मिनिस्टर थे पहली सरकार में उन्होंने यह कहा कि इस में 60 हजार रुपया खर्च करने के बाद केवल पांच छः करोड़ लोगों को खाने को मिलता है। इसी तरीके से जो हम ने एग्रीकल्चर में इन्फ्रा-स्ट्रक्चर पर खर्च किया उस से केवल दस प्रतिशत लोगों को खाने को मिलता है। अब आप यह देखिए, यह प्लानिंग का बेसिक डिफेक्ट है कि प्रायरिटी कहां जाती हैं, जो हम उत्पादन करते हैं वह कहां जाना है इस की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। मेरा कहना है कि जो हम उत्पादन करते है वह जहां जाना चाहिए गरीब आदमी की जेब में वहां नहीं जाता। गरीब गरीब हो गया, अमीर अमीर हो गया। यही कहानी अभी तक की है।

एक चीज का जिक्र मंत्री महोदय ने भी किया कि एसेंशियल कमोडिटीज़ की गारंटी होनी चाहिए। यहां गोयल साहब बैठे हैं। धारिया साहब पिछले एक साल में शायद 6-7 बार कह चुके है कि हम कोआप-रेटिव स्टोर बना रहे हैं, हम डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम बहुत ठीक कर रहे है और अब करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है, हम ने स्टेट गवर्नमेंट्स को इंस्ट्रक्शंस दे दी है। मुझे मालूम नहीं कि वह इंस्ट्रक्शंस कितने दिनों में पहुचती हैं स्टेट गवर्नमेंट्स को लेकिन यह बात सही है कि एसेंशियल कमोडिटीज की गारेंटी आप को उन्हें देनी होगी। यह अच्छी बात हैं कि पहले जैसी बुरी हालत नहीं है, अब दाम बढ़ने से रुक गए हैं और इस से जनता में संतोष भी हैं कि पहले से स्थिति अच्छी है लेकिन अच्छा तो यह हो कि करने के बाद मंत्री महोदय बयान दिया करें। वह अच्छा होगा। पहले बयान दे देते हैं उसके बाद होता नहीं है तो दोबारा चार महीने के बाद बयान देते हैं। फिर नहीं होता है तो फिर 6 महीने के बाद बयान देते है। एडमिनिस्ट्रटिव तरीका यह है कि एडमिनिस्ट्रेशन से ही मालूम होना चाहिए कि यह काम हुआ है—भाषण की कोई जरूरत नहीं है। इसलिए आपका मंत्रालय जो है उसको देखना चाहिए कि जो एसेंशियल कमाडिटीज़ हैं उसकी गारंटी पूरे तौर से गांव गांव में आखीर तक लोगों को मिले। इस चीज़ की बहुत जरूरत हैं।

एक चीज मैं और कहना चाहता हूं। अभी तक हमारे देश में अनएम्पलायमेन्ट बहुत है। हमने कहा हैं कि दस साल में हम अनएम्पलायमेन्ट खत्म करेंगे लेकिन उसके लिए कोई टाइम बाउन्ड प्रोग्राम अभी तक नहीं बना हैं। यह जो अभी बजट आया है, मुझ लगता है कि उससे अनएम्पलायमेन्ट कुछ कम होगा। या अगर कम नहीं होगा तो कम से कम जितने नये अनएम्पलायड लोग होंगे उनको एम्प्लायमेन्ट मिलेगा, काफी लोगों का एम्पलायमेंट मिलेगा। अभी तक जिन लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है उनकी संख्या एक करोड़ से ऊपर है। ऐसा हिसाब है कि अगर उन सभी लोगों को एक क्यू में खड़ा कर दिया जाये जोकि अन-एम्पलायड हैं तो वे कलकत्ता, बम्बई और नयी दिल्ली—सारे देश का चक्कर लगा सकते हैं। इस तरह का हिसाब किसी ने लगाया है। तो इस चीज़ को हमें आहिस्ता-2 खत्म करने की जरूरत है। इसके लिए हर साल एक टाइम बाउन्ड प्रोग्राम बनाने की जरुरत होगी। जो अनएम्पलायड हैं, अंडर एम्पलायड हैं या अनपढ़ लोग है उन सभी के लिए हर साल प्रोग्राम बनाना होगा कि इतने नये लोग हैं जिनको एम्पलायमेन्ट मिलेगा और इतना बैकलग कम होगा। इस हिसाब से आज काम करेंगे तभी वायदा पूरा कर सकेंगे वरना पूरा नहीं कर सकेंगे।

[श्री कंवर लाल गुप्त]

इसके अलावा एक चीज यह है कि डिसपैरिटी तो है ही लेकिन दूसरी चीज जो गरीब आदमी को बहुत ज्याद अखरती है वह यह है कि पैसे वाले लोग अपनी रिचनेस का एग्जिबिशन करते हैं। जब मैं पहले यहां पर सदस्य था तब भी मैंने उदाहरण दिया था। मैं जब पहले डुप्ले रोड पर रहता था तो हमारे बराबर में एक जनरल, आर्मी के बहुत बड़े अफसर रहते थे। उन्होंने 25 कुत्ते पाल रखे थे जिनको चार आदमी रोजाना घुमाने के लिए ले जाते थे। मैंने उनसे पूछा कि कितना खर्चा होता है। आर्मी के अफसर को ज्यादा से ज्यादा तीन साढ़े तीन हजार मिलते होंगे लेकिन उनके 25 कुत्तों पर हर महीने तीन हजार खर्चा होता था। इसी तरह से अगर हम बड़े बड़े लोगों की शादियों में जाकर देखें या जिस ढंग से वे लोग रहते हैं उसको जाकर देखें तो एक गरीब आदमी को पहले तो गरीबी की जलन होती है और दूसरी जलन उसको यह होती है कि वह समझता है कि उसके सामने उसकी बेइज्जती की जा रही है। तो यह जो एग्जिबिशन आफ रिचनेस है उसको खत्म होना चाहिए। पहले जमाने में भी गरीब और अमीर होते थे। आज से कोई 35 साल पहले कौन अमीर होगा और कौन गरीब होगा यह देखने से मालूम नहीं होता था जब तक कि उसका ठीक तरह से पता न किया जाये। इसके बारे में मेरा एक सुझाव है—है तो बड़ा अजीब—कि जितने भी एयरकंडीशनर हैं, जितनी मोटर कारें हैं या जितने भी लग्जरी के गुड्स हैं उन पर एक्सट्रा टैक्स लगाया जाये। अगर मेरे पास एक कार है अगर मुझे वह रखनी है तो मैं एक हजार रुपया साल जरूर दूंगा। इसी तरह से एयरकंडीशनर्स हैं, अगर किसी अफसर को यहां इस्तेमाल करना है तो उसे टैक्स देना चाहिए। इसी तरह से फ्रिज पर टैक्स देना चाहिए। जितने भी इस तरह के लग्जरी गुड्स हैं उन पर एक्सट्रा टैक्स होना चाहिए। उस पैसे का पूल बनाकर गरीब लोगों पर उसे खर्च करना चाहिए। चाहे तो आप सेस लगायें या पावर्टी टैक्स लगायें, किसी भी तरह से लगायें लेकिन यह होना चाहिए। छोटे मोटे एडजस्टमेन्ट्स से यह प्राब्लम हल होने वाली नहीं है। मेरा कहना यह है कि जब तक डायनैमिक एप्रोच नहीं होगी, जब तक दो-तीन हजार करोड़ रुपया सालाना लगातार आप खर्च नहीं करेंगे, तब तक यह पावर्टी की समस्या हल होने वाली नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि वह इस के बारे में विचार करें। इस में कोई फर्क नहीं पड़ता है—अगर मुझे एअर-कण्डीशनर इस्तेमाल करना है तो मैं 200 रुपया सालाना दूं, अगर मैं कार रखना चाहता हूं, तो उस का टैक्स दूं, इसी तरह से अगर मैं दूसरी लग्जरी की चीजें इस्तेमाल करना चाहता हूं, तो उस के लिये ज्यादा टैक्स दूं। इस से लोगों के मन में यह भावना पैदा होगी कि अब यह सरकार हमारे बारे में सोचने लगी है। दुर्भाग्य यह है कि अब तक तो नारों का ही असर चल रहा था, नारा लगाने वाले ही उन के सेवक हैं, रक्षक हैं, अब उस प्रभाव को आहिस्ता-आहिस्ता हटाना पड़ेगा, वरना खतरनाक नतीजे हो सकते हैं।

सभापति महोदया, मैं और ज्यादा नहीं कहना चाहता हूं। मुझे सिर्फ इतना ही कहना है कि यह जो प्रस्ताव है, किसी एक पार्टी का प्रस्ताव नहीं है, यह सारे देश की समस्या है। हमारी पार्टी भी यही चाहती है और उधर के लोग भी यही चाहते हैं, सब चाहते हैं कि डिस्पैरिटीज़ दूर हों। अभी तक हमारे देश में चारों तरफ़ गरीबी-ही-गरीबी छाई हुई है, कहीं-कहीं आइलैंड-आफ़-रिचनेस दिखाई देती है, जैसे आप अशोका होटल में चले जाइये, लेकिन दिल्ली भारत नहीं है, कलकत्ता और बम्बई भारत नहीं हैं, हमारा भारत गांव में है, जहां अथाह गरीबी व्याप्त है, जहां आज भी लोग गोबर में से दाने चुग कर पेट भरते हैं। अगर हमें उन लोगों की किस्मत

को बदलना है, तो छोटे-छोटे कदमों से उन की किस्मत नहीं बदल सकती, हम को ड्रास्टिक कदम उठाने होंगे । यदि हम चाहते हैं कि हमारा प्रजातन्त्र बना रहे, हमारा विधान बना रहे, तो ये कदम हम जल्द उठाने पड़ेंगे, अन्यथा लोगों की आस्था प्रजातन्त्र पर से हट जायेगी । यहां पर आज भी कुछ ऐसी शक्तियां काम कर रही हैं, जो आज भी यह कहती हैं कि हम ने एमर्जेन्सी में यह कर दिया, वह कर दिया । एमर्जेन्सी के बगैर यह होने वाला नहीं था, एमर्जेन्सी ठीक थी, हालांकि एमर्जेन्सी में उन्होंने कुछ नहीं किया । लेकिन उन का नारा अभी भी यह है कि तानाशाही से हम आप को रोटी दे सकते हैं । अब हमें यह सिद्ध करना होगा कि हम प्रजातन्त्रीय तरीके से आप की रक्षा कर सकते हैं, हर एक को रोटी दे सकते हैं ।

यह सवाल किसी पार्टी का नहीं है, इसलिये मैं आशा करता हूं कि इस प्रस्ताव को सर्व-सम्मति से पारित किया जायेगा ।

**सभापति महोदय** : इस मोशन पर दो अमेण्डमेन्ट्स आये हुए हैं—नं० 1 और नं० 4, जो मूव हुए थे । एक श्री श्याम सुन्दर दास का है और दूसरा श्री गौरी शंकर राय का है ।

I shall put them to the vote of the House first.

AN HON. MEMBER: They should withdraw them.

MR. CHAIRMAN: But they are not here to withdraw them. Is Shri S. S. Das here? I do not see even Mr. Gauri Shankar Rai here. Now I shall put amendment no 4 of Shri Gauri Shankar Rai to the vote of the House.

*Amendment No. 4 was put and negatived.*

MR. CHAIRMAN: Now I shall put amendment No. 1 moved by Shri S. S. Das to the vote of the House.

*Amendment No. 1 was put and negatived.*

**सभापति महोदय** : क्या आप अपने मोशन को विद्ड्रा करना चाहते हैं ?

**श्री कंवर लाल गुप्त** : मैं विद्ड्रा नहीं करना चाहता हूं । इस में कुछ भी डिस्प्यूटेड नहीं है ।

MR. CHAIRMAN: Now I shall put the main resolution moved by Shri Kanwar Lal Gupta to the vote of the House. This has been thoroughly discussed. The question is:

"This House urges upon the Government to take effective steps to improve the economy of the country and to reduce the inequalities of income, wealth and personal consumption."

*The motion was adopted.*

---

**16.25 hrs.**

## RESOLUTION RE. REPEAL OF CONSTITUTION (FORTH-SECOND AMENDMENT) ACT AND WITHDRAWAL OF MISA

MR. CHAIRMAN: The House will now take up further discussion of the Resolution moved by Shri Samar Guha. Mr. Samar Guha will continue his speech. I might say that one hour and 59 minutes are left for his Resolution....

SHRI DINEN BHATTACHARYA (Serampore): Kindly spare some time so that Mr. Somnath Chatterjee may move his Resolution. It is a very important Resolution....

MR CHAIRMAN: I would suggest that Mr. Samar Guha may finish ear-